हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, रविवार 27 अक्टूबर 2024
[ कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड ]



श्री बालाजी मार्बल
।। पितृ कृपा ।।
ग्रेनाइट . मार्बल . टाईल्स . कोटा स्टोन . तुलसी चौरा . मार्बल मंदिर... आदि रायपुर रेट में उपलब्ध
रायपुर रोड, सत्योम हीरो के बाजू, धमतरी
77728-98771, 77729-33254
ग्रेनाईट मार्बल टाईल्स कोटा स्टोन तुलसी चौरा मार्बल मंदिर

## खबर संक्षेप

### करेली बड़ी में सुआ नृत्य स्पर्धा 30 को

**मगरलोड।** समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से ग्राम करेली बड़ी में छत्तीसगढ़ की पारम्परिक सुआ नृत्य का आयोजन हाई स्कूल मैदान में धनतेरस के दिन 30 अक्टूबर को आयोजित की गई है। जिसमें आकर्षक पुरुस्कार रखा गया है। सामूहिक नृत्य में प्रथम पुरुस्कार 5001, द्वितीय इनाम 3001, तृतीय इनाम 1501, चतुर्थ 1001, पंचम इनाम 501 रुपये है। इसी तरह एकल/युगल नृत्य में प्रथम 1001, द्वितीय 801, तृतीय 601, चतुर्थ इनाम 401, पंचम इनाम 201 रुपये है। इसके अलावा आयोजक समिति द्वारा अन्य पुरुस्कार दिया जायेगा। बेस्ट वेशभूषा ग्रुप 151, बेस्ट संगीत ग्रुप 151, बेस्ट वेशभूषा एकल/ युगल 101, बेस्ट संगीत 101 रुपये रखा गया है। स्पर्धा में भाग लेने के लिए खुमेंद्र साहू, दानेश्वर सिन्हा, मिथलेश सिन्हा से संपर्क किया जा सकता है।

## निधन

### श्रीमती प्यारी बाई

**धमतरी।** श्रीमती प्यारी बाई 96 वर्ष धर्मपत्नी स्व. भीखमचंद मिन्नी का निधन 26 अक्टूबर शनिवार को शाम 6.30 बजे हो गया। उनकी अंतिम यात्रा आज रविवार को आमापारा से सुबह 10.30 बजे निकलेगी। वे प्रेमचंद व रमेश मिन्नी की मां थीं।



### मोजीराम साहू

**सिर्री।** ग्राम सिवनीकला निवासी मोजीराम साहू 95 वर्ष का 24 अक्टूबर गुरुवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम में किया गया। वे राधाबाई के पति एवं माघीलाल, होरीलाल, मानकलाल साहू के पिता थे। उनको श्रद्धांजलि अर्पित करने समाजजन सहित ग्रामीणों की भीड़ उमड़ी।



लोकनिर्माण एवं पुलिया विभाग के अधिकारियों ने मेघा क्षतिग्रस्त पुल का किया निरीक्षण

# 20 से 25 किमी का चक्कर लगा मेघा पुल में फिर से यातायात शुरू करने टटोली संभावना

- एप्रोच रोड, टूटे पुल की मरम्मत के साथ नया हाईलेवल पुल तैयार करने भेजी रिपोर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

कुरुद-मगरलोड को जोड़ने वाले मेघा पुल में फिर से यातायात शुरू करने की संभावना टटोलेने इस पार से नदिया के उस पार लोकनिर्माण एवं पुलिया विभाग के अधिकारियों ने 20-25 किमी का अतरिक्त चक्कर लगा महानदी पर बने मेघा क्षतिग्रस्त पुल का निरीक्षण कर एप्रोच रोड निर्माण, पुल के टूटे हिस्से को फिर से बनाने और नया हाईलेवल पुल की रिपोर्ट तैयार कर शासन को भेजा है।


गुरुवार को पीडब्ल्यूडी ईएनसी केके पिपरी, सीई ज्ञानेश्वर कश्यप, एसी आरएस तोमर, ईई एसके नेताम, एसडीओ आरएस गंजीर, सेतु निगम के एससी मनोज थोराट, ईई विवेक शुक्ला, एसडीओ केके यादव ने मौके पर जाकर क्षतिग्रस्त पुल का निरीक्षण किया। जांच टीम पहले कुरुद से गाड़ाडीह होते हुए मेघा पुल पहुची। जहां उन्होंने पुल के उपर और नीचे से मुआयना किया। बताया गया कि नया पुल बनाने या टूटे हिस्से की मरम्मत करने की संभावना के साथ इस मार्ग में आवागमन को सुचारू करने अस्थायी मार्ग निर्माण आदि पहलुओं पर विचार विमर्श कर इसके लिए जगह और बजट के संबंध में गौर किया गया। इसके बाद अधिकारी परखंदा, नारी, करेली होते हुए नदी पार कर अरौद पुल से मेघा पहुंचे। उन्होंने उस पार भी जमीनी हकीकत देख रिपोर्ट तैयार की।



### अरौद पुल में बढ़ा यातायात का दबाव

यहां यह बताना लाजिमी होगा कि कुरुद विधानसभा को दो भागों में विभाजित करने वाला महानदी पर बना तीस साल पुराना मेघा पुल 21 सितम्बर को धसक गया था। रेत के अवैध उत्खनन में बरती गई प्रशासनिक अनदेखी की भेंट चढ़ अपनी आधी उम्र में ही बेकाम हो चुके इस पुल के टूटने से रोज हजारों लोगों को नदी पार करने के लिए भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। मेघा पुल के टूटने से अरौद पुल में यातायात का दबाव बढ़ गया है। इससे उसकी हालत नाजुक हो रही है। सेतु निगम द्वारा एप्रोच रोड की मरम्मत कराई जा रही है।

# 11 सूत्री मांगों को लेकर भारतीय किसान संघ ने निकाली रैली



- मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड

भारतीय किसान संघ के जिला अध्यक्ष लालाराम चंद्राकर के निर्देश पर कार्यकर्ताओं ने अपनी 11 सूत्री मांग को लेकर तहसील कार्यालय के सामने धरना प्रदर्शन किया। मांगों को लेकर तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा।

भारतीय किसान संघ मगरलोड के कार्यकर्ता पुराना बाजार चौक में भगवान बलराम के जयघोष के साथ रैली निकालकर पैदल नगर भ्रमण करते हुए तहसील कार्यालय पहुंचे और तहसीलदार के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। सभा को संबोधित करते हुए भारतीय किसान संघ मगरलोड के अध्यक्ष तोमन सिंह साहू ने कहा कि उनकी लंबित 11 सूत्री मांग जायज है जिस पर शासन को तत्काल संज्ञान में लेकर इन पर सकारात्मक पहल करनी चाहिए। इस अवसर पर मंशाराम साहू, ईश्वर साहू, बालाराम साहू, बसंत साहू, गजेंद्र साहू, रामाराम साहू, वेदराम साहू, प्यारी साहू, शुक्लू राम साहू, दीपक साहू, दीपचंद साहू, मेघराज साहू, तीरथ राम साहू, हरिराम चक्रधारी, गिरधारी पटेल, बसंत साहू, विरेंद्र साहू, हीरालाल साहू, प्रेम साहू, नरेंद्र साहू, भीष्म साहू, गौतम साहू, लोकपाल साहू उपस्थित थे।

# मैरिज गार्डन में सजेगी पटाखा दुकान

- नियमों का पालन अनिवार्य: लॉटरी निकाल 47 लोगों को दी गई पटाखा बेचने की अनुमति

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

आगामी 31 अक्टूबर को मनाये जाने वाले दीपावली त्योहार के मद्देनजर नगर पंचायत कुरुद में पटाखा बाजार लगाने के लिए बंसल मैरिज गार्डन की जगह तय की गई है। इसके लिए गत दिनों नगर पंचायत में लाटरी सिस्टम से 47 व्यवसायी को अस्थायी तौर पर दुकानें आवंटित की गई। इसके लिए पुरानी मंडी रोड एवं शंकर मंदिर की ओर से मैरिज गार्डन में प्रवेश द्वार बनाया गया है।

सीएमओ महेन्द्रराज गुप्ता ने बताया कि लाइसेंस में तय नियमों का पालन एवं निर्धारित शुल्क अदा करने वाले व्यापारियों को मैदान में फायर ब्रिगेड एवं पानी टैंकर उपलब्ध कराया जाएगा। प्रशासन द्वारा जारी एडवायजरी अनुसार पटाखा दुकान किसी भी ज्वलनशील पदार्थ जैसे कपड़ा, बांस रस्सी, टेंट इत्यादि का न होकर टिन शेड द्वारा निर्मित होना चाहिए। पटाखा दुकान एक दूसरे से कम से कम तीन मीटर की दूरी (साइड) पर एवं एक दूसरे के सामने न बनाई जाए, पटाखा दुकानों में प्रकाश व्यवस्था हेतु किसी भी प्रकार के तेल का लैंप, गैस लैम्प एवं खुली बिजली बत्ती का प्रयोग प्रतिबन्धित होना चाहिए। किसी भी पटाखा दुकान से 50 मीटर के अंदर आतिशबाजी का प्रदर्शन प्रतिबंधित होना चाहिए। विद्युत तारों में ज्वाइंट खुला नहीं होना चाहिए एवं प्रत्येक मास्टर स्विच में फ्यूज या सर्किट ब्रेकर लगा होना चाहिए, जिससे शार्ट सर्किट की स्थिति में विद्युत प्रवाह स्वतः बन्द हो जाए। दुकानें ट्रांसफार्मर के पास न हों और उनके ऊपर से हाईटेंशन पावर लाइन न गुजरती हो। प्रत्येक पटाखा दुकान में 5 कि.ग्रा. क्षमता का डीसीपी अग्नि शामक यन्त्र एवं 200 लीटर क्षमता के ड्रम की व्यवस्था बाल्टियों के साथ होनी चाहिए। पटाखा दुकानों के सामने बाइक कार की पार्किंग प्रतिबंधित होनी चाहिए। अग्निशमन वाहन के मूवमेंट के लिए पर्याप्त स्थान होना चाहिए। भंडारण को लेकर भी सख्त नियम बनाया गया है।



रोग अनुसार आहार-विहार व औषधि सेवन की दी गई जानकारी

# शिविर में 183 लोगों की निःशुल्क स्वास्थ्य जांच कर बांटी औषधि

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

शासन की महत्वपूर्ण योजना आयुष ग्राम योजना अंतर्गत ग्राम कातलबोड़ में त्रैमासिक आयुष ग्राम शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 183 लोगों का निःशुल्क स्वास्थ्य परिक्षण कर औषधि प्रदान कर लाभान्वित किया गया। शुक्रवार को आयुष ग्राम तथा शरद ऋतु के अनुसार दिनचर्या पालन, पितजन्य रोगों में विरेचन आदि के संबंध में जानकारी दी गई। स्थानीय स्तर पर पाए जाने वाले औषधीय पौधों के प्रयोग के बारे में बताया गया। ब्लड प्रेशर की जांच कर रोगानुसार औषधि व आहार-विहार की जानकारी दी गई। काढ़ा का वितरण किया गया। योग प्राणायाम को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम में सरपंच श्रीमती सुनीता साहू, पूर्व सरपंच तेजनलाल साहू, शाला प्रबंधन विकास समिति के अध्यक्ष विकास साहू, प्रधानपाठक महेंद्र साहू, ग्राम पटेल रामप्रसाद साहू, सचिव पवन साहू, शिक्षक तुमन साहू, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मीना साहू व ग्रामवासियों की उपस्थिति रही।



## गायत्री परिवार का नशा मुक्त भारत अभियान

**धमतरी।** गायत्री परिवार जिला धमतरी द्वारा शांतिकुंज हरिद्वार द्वारा संचालित नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत नत्थू जी जगताप उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धमतरी में कक्षा नवमी से 12 वीं तक के 120 छात्रों को नशा नहीं करने का संकल्प कराया गया। अभियान से प्रभावित होकर तत्काल 16 छात्रों ने मंच पर आकर जीवन भर नशा नहीं करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर जिला समन्वयक दिलीप नाग ने कहा कि भावी पीढ़ी को नशा मुक्त समाज के निर्माण के लिए तैयार करना है। नशा नाश की जड़ है। नशा से तन, मन और धन की बरबादी के साथ, टी.बी.कैंसर जैसे जानलेवा बीमारी होती है। गायत्री परिवार द्वारा अभियान चलाकर लोगों को नशा से होने वाली हानि की जानकारी देना, उन्हें नशा छोड़ने के लिए निवेदन करना है। साथ में स्वस्थ, निरोग और खुशहाल जीवन जीने के लिए प्रेरित करना है। उन्होंने ने बताया कि इस अभियान के अंतर्गत पिछले 10 माह में तीन हजार से ज्यादा लोगों को नशा छोड़ने प्रेरित कर संकल्प करा चुके हैं।

दशहरा - दीपावली के शुभ अवसर पर
क्राफ्ट इंडिया शापिंग एक्सपो
EXHIBITION CUM SALE - 2024
₹2000 की खरीदी करने पर लकी ड्रा कूपन फ्री
ACCEPT ALL CREDIT/DEBIT CARD
प्रवेश एवं पार्किंग निःशुल्क
मिशन स्कूल मैदान, रत्नाबांधा रोड, धमतरी
समय : सुबह 10.30 से रात 10 बजे तक
फैंसी सलवार सूट, कलकत्ता कॉटन व खादी ग्रामोद्योग वस्तुएं, वुडन, फर्नीचर, लखनवी चिकन सूट, ब्रॉस एंड मार्बल, हैंडक्राफ्ट ज्वेलरी, राजस्थानी, गुजराती, कश्मीरी, बेडशीट, कुर्ता, पेन्ट, टीशर्ट, फैंसी चूड़ी, लेडिस पर्स, कॉटन बेग इत्यादि

गुप्त व यौन रोग कमजोरी
स्त्री पुरुष गुप्त रोग नपुंसकता, उत्तेजना कम होना, हस्तमैथुन द्वारा नसों में कमजोरी, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, गुप्त अंग का छोटापन, शुक्राणु की कमी, पेशाब में धातु जाना, पेशाब में जलन होना, शुगर से आई हुई सेक्स में कमी व विशेष इलाज चर्म रोग, वात रोग, बवासीर संपर्क करें।
संजीवनी आयुर्वेदिक दवाखाना
अंबेडकर चौक, अंगारमोती मेडिकल ई-स्टोर के पास, बस्तर रोड, जोधापुर, धमतरी मो. 9174466336

NX MODULAR KITCHEN Galaxy NX
/KitchenGalaxyNXModular
10-15 साल की वारंटी के साथ
No. Extra Expenses
इस त्योहार बनाएं मॉड्युलर किचन आकर्षक ऑफर के साथ...
Gift Hamper up to 15000/-*
₹60,000 ₹90,000 ₹1,50,000
C-4, Sector-1, Devendra Nagar, Near City Center Mall, Raipur 9977115597, 8319076661

Gomti THRESHERS
किसान की पसंद
6&7 फेन
बुकिंग प्रारंभ
पैडी मल्टीक्राप थ्रेशर
7 पंखों वाला थ्रेशर मात्र 2 लाख से प्रारंभ
4 चक्का एवं 2 चक्का ट्राली भी उपलब्ध
पैरा दूर फेंके
उत्तम धान निकासी
शून्य रखरखाव
एक्सचेंज एवं फाईनेंस सुविधा उपलब्ध
गोमती एग्रो इण्डस्ट्रीज, रायपुर (छ.ग.) 8819840000

Pride of Dhamtari
गितिका ऑटो डील
आटो पार्टस एवं सर्विसिंग सेंटर
बाजार चौक मेन रोड सिरसिदा
हमारे यहां सभी प्रकार के चारपहिया एवं दोपहिया गाड़ियों की खरीदी-बिक्री, रिपेयरिंग, सर्विसिंग एवं नाम ट्रांसफर का काम किया जाता है
प्रो.टोमन साहू 97530-65484, 62682-66559
त्यौहारी ऑफर
नवरात्रि से दीपावली पर्व तक दोपहिया वाहन में एक वर्ष का इंश्योरेंस फ्री एवं चारपहिया वाहन खरीदी पर चांदी का सिक्का फ्री

विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरुद - 98268-82770, नगरी -75818-01429
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जीजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201

Health Town
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

Trust the Expert
DR. MANOJ AGARWALA'S SKIN & HAIR CLINIC
डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर)
(गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं
मुहांसे ❖ सोरायसिस ❖ स्किन एलर्जी ❖ पिगमेंटेशन
विटिलिगो/ ल्यूकोडरमा ❖ पीआरपी थेरेपी ❖ एलोपेसिया
अर्टीकेरिया ❖ फंगल इनफेक्शन ❖ टेली कंसलटेशन ❖ लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छ.ग.)
0771-4003777, 77778-76292

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

हरिभूमि

# धमतरी भूमि

रायपुर, रविवार 27 अक्टूबर 2024

कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड


तापमान

अधिकतम 30 डिग्री

न्यूनतम 25 डिग्री


12 20 से 25 किमी का चक्कर लगा मेघा पुल में फिर से यातायात शुरू ...



14 दीपावली त्योहार से पहले सोना-चांदी का भाव गिरा









## खबर संक्षेप

### रक्तदान शिविर, सत्संग 28 को

**धमतरी।** सद्गुरु सदाफलदेव विहंगम योग संस्थान के सहयोग से इस वर्ष भी 28 अक्टूबर को विहंगम योग संत समाज द्वारा जिला सत्संग केन्द्र पंचमुखी हनुमान नगर रत्नाबांधा धमतरी में प्रातः 10 बजे से शाम 4 बजे तक रक्तदान शिविर, सत्संग एवं विशाल भंडारा का आयोजन किया गया है। यह जानकारी जिला संयोजक बेदराम साहू ने दी है।

### राजस्व ग्राम पटेल संघ की बैठक 28 को

**मगरलोड।** राजस्व ग्राम पटेल संघ मगरलोड ब्लॉक की बैठक 28 अक्टूबर सोमवार को दोपहर 1 बजे गायत्री मंदिर परिसर मगरलोड में रखी गई है। बैठक में संघ की गतिविधियों एवं अन्य विषयों पर चर्चा की जाएगी। यह जानकारी सलाहकार रेखनारायण साहू व सचिव घनश्याम ध्रुव ने दी है।

### आंतरिक मूल्यांकन 5 से

**धमतरी।** शासकीय नारायणराव मेघावाले कन्या महाविद्यालय में सत्र 2024-25 में बीए, बीकॉम, बीएससी (बायो एवं गणित) प्रथम सेमेस्टर में पंजीकृत स्वाध्यायी छात्राओं का सतत आंतरिक मूल्यांकन (प्रथम टेस्ट) 5 से 9 नवंबर तक आयोजित है। समय सारिणी महाविद्यालय के सूचना पटल तथा वेबसाइट पर अपलोड की गई है। परीक्षार्थियों को उनके चुने हुए सभी विषयों में असाइनमेंट का आवंटन किया जायेगा है, अतः वे संबंधित विषय के प्राध्यापक से संपर्क करें।

### घटुला में डीजे डांस 2 नवम्बर को

**नगरी।** नव आनंदकला बाल मंडली बड़ेपारा घटुला द्वारा गोवर्धन पूजा के अवसर पर 2 नवम्बर शनिवार को रात्रि 8 बजे राज्यस्तरीय डीजे डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। सामूहिक नृत्य में प्रथम पुरस्कार 10001 रुपये, द्वितीय पुरस्कार 7001 रुपये व तृतीय पुरस्कार 4001 रुपये दिया जायेगा। युगल नृत्य में प्रथम पुरस्कार 5001 रुपये, द्वितीय पुरस्कार 3001 रुपये व 2001 रुपये, एकल नृत्य में प्रथम पुरस्कार 3001रुपये, द्वितीय 2001 रुपये, तृतीय पुरस्कार 1001 रुपये पुरस्कार रखा गया है। सामूहिक में प्रवेश शुल्क 3000, युगल में 200 व एकल में प्रवेश शुल्क 100 रुपये रखा गया है।

### भीतररास में डीजे डांस 2 को

**सांकरा।** शहीद नवलकिशोर शांडिल्य की स्मृति में ग्राम भीतररास में नवज्योति कला मंच द्वारा राज्य स्तरीय डीजे डांस प्रतियोगिता 2 नवंबर की रात्रि 8 बजे रखी गई है। प्रवेश शुल्क 51 रु. है। सामूहिक नृत्य में प्रथम पुरस्कार 13,001 रु., द्वितीय 9,001 रु, तृतीय 6,001 रु. व युगल नृत्य में पुरस्कार प्रथम पुरस्कार 6,001 रु., द्वितीय. 4,001 रु., तृतीय पुरस्कार 2,001 रुपये दिया जायेगा। एकल नृत्य में प्रथम पुरस्कार 3,001 रु., द्वितीय. 2,001 रु., तृतीय पुरस्कार 1,001 रुपये दिया जायेगा। मुख्य अतिथि सरपंच रंजना सूर्यवंशी, उपसरपंच निखत बानू, समिति सदस्य रेमन शांडिल्य, डम्पी सोम, ऋषभ शांडिल्य, मोंटू नाग, अमितेश शांडिल्य, डॉ प्रणव शांडिल्य, जोंटी शांडिल्य, टिंकू शांडिल्य, देवेश शांडिल्य, निकेश बिसेन, सूरज शार्दुल, बीरेंद्र शांडिल्य, राजू सोम, रितिक कश्यप, विनायक कश्यप होंगे।

### चोर लुटेरों की सक्रियता को देखते हुए पुलिस ने भी बढ़ाई गश्त

# रात में बाईपास का सफर खतरे से खाली नहीं

**केस 1**

शनिवार को खपरी निवासी रितेश कोडोपी उम्र 13 साल बाईपास रोड में सुबह 5 बजे दोस्तों के साथ मार्निंग वाक पर गया था। इसी दौरान एक युवक और युवती ने डराधमका कर उससे मोबाइल छीन लिया। इसके बाद उन्होंने एक ट्रक को रूकवाया और उसमें बैठकर भाग निकले।

**केस 2**

माहभर पहले मुजगहन ओव्हरब्रिज के पास चाकूबाजी की घटना हुई थी। एक व्यक्ति ओव्हरब्रिज के पास मोबाइल से बात कर रहा था। इसी दौरान चाकूबाजों ने उस पर हमला कर दिया था। यही पर लूट की घटना भी हुई थी, जिसमें लुटेरों ने बाइक चालक को रोककर लूट की घटना को अंजाम दिया था।

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

बाईपास रोड लुटेरों, चाकूबाज सहित अराजक तत्वों का पनाहगार बन गया है। यहां पर मुजगहन, हटकेशर, लोहरसी, खपरी, अर्जुनी, तेलीनसत्ती सहित कई गांव और शहर के कई वार्ड के अराजक तत्व घूमते रहते हैं। अब तक वे कई घटनाओं को अंजाम दे चुके हैं। स्थिति को देखते हुए पुलिस ने बाईपास मार्ग पर गश्त बढ़ा दी है।

सुनसान सड़क और भागने के लिए पर्याप्त जगह होने के कारण चोर, लुटेरे, चाकूबाज शहर छोड़कर बाईपास की ओर रूख कर रहे हैं। पिछले कई माह से बाईपास में आए दिन लूट जैसी घटनाएं हो रही हैं। खासकर शाम के वक्त अराजक तत्व यहां पर सक्रिय हो जाते हैं। अंधेरे का फायदा उठाकर वे लूट जैसी घटनाओं को अंजाम देते हैं। अब तक ऐसी घटनाएं शाम या रात को हो रही थीं, लेकिन अब लूटरे सुबह भी एक्टिव हो गए हैं, जो मार्निंग वाक करने वालों को निशाना बना रहे हैं। शनिवार की सुबह ऐसी ही घटना सामने आई। ग्राम खपरी निवासी रितेश कोडोपी रोज की तरह दोस्तों के साथ बाईपास में मार्निंग वाक के लिए गया था। उसने अपने पिता का मोबाइल भी साथ रख लिया था। जैसे ही उन्होंने खपरी ओव्हरब्रिज क्रॉस किया, एक युवक और युवती ने उनका रास्ता रोक लिया और डरा धमका कर मोबाइल छीन लिया। इसके बाद दोनों ने ट्रक को रूकवाया और उसमें बैठकर फरार हो गए।



#### शाम ढलते ही नशेड़ियों का जमावड़ा


बाईपास में पुलिस ने गश्त तो बढ़ा दी है। इसके बाद भी पुलिस से बचते -बचाते अराजक तत्व घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। शाम ढलने के बाद बाईपास के पास खेत खलिहान में शराब, गांजा पीने वाले देखे जा सकते हैं, जो पुलिस गाड़ी को देखते ही इधर- उधर छिप जाते हैं। नशेड़ी गैंग में कुछ लड़कियां भी हैं। जानकारी के अनुसार अटल आवास के अराजक तत्व भी यहां पर सक्रिय हैं, जो घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं।

#### पुलिस की पैनी नजर

बाईपास में गश्त लगातार की जा रही है। घटनाओं को देखते गश्त बढ़ा दी गई है। मोबाइल लूट की शिकायत मिली है। इस मामले में तत्काल ही टीम को लगा दिया गया है।

- **सन्नी दुबे**, *थाना प्रभारी अर्जुनी*

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु का प्रीतेश ने किया स्वागत



**धमतरी।** राजभवन में महामहिम राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु से प्रदेश विशेष आमंत्रित सदस्य भाजपा छत्तीसगढ़ प्रीतेश गांधी ने पुष्प भेंटकर शिष्टाचार मुलाकात की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव, केंद्रीय मंत्री तोखन साहू, पूर्व राज्यपाल रमेश बैस, विधायक सुश्री लता उसेंडी सहित वरिष्ठ नेतागण उपस्थित थे।

## गोंड समाज का युवक-युवती परिचय सम्मेलन आज

**धमतरी।** गोंडवाना गोंड महासभा द्वारा इस वर्ष भी युवक-युवती परिचय सम्मेलन वृंदावन हॉल आईडीबीआई बैंक के पास सिविल लाइन रायपुर में 27 अक्टूबर को प्रातः 10 बजे से आयोजित है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रामविचार नेताम मंत्री अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ा वर्ग, अल्प संख्यक कल्याण एवं कृषि कल्याण विभाग होंगे। अध्यक्षता नीलकंठ टेकाम विधायक केशकाल करेंगे। यह जानकारी महासचिव आरएन ध्रुव ने दी है।

# पुलिस ने की सदरबाजार की पैदल पेट्रोलिंग

- सभी थाना प्रभारियों को गश्त करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

आगामी दीपावली त्योहार को देखते हुए पुलिस ने सदर बाजार की पैदल पेट्रोलिंग की। वहीं सभी थाना प्रभारियों को अपने-अपने थाना क्षेत्र का गश्त करने का निर्देश दिया गया है।

पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय के निर्देशन पर आने वाले त्योहार धनतेरस व दीपावली में शांति व सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए सभी अनुभाग के समस्त थाना क्षेत्रा में प्रभारियों द्वारा पैदल गश्त किया गया। इस दौरान पुलिस की अलग-अलग टीम ने बस स्टैंड, आउटर, पार्किंग सहित अन्य स्थानों की सघन पेट्रोलिंग की। इस दौरान व्यक्ति व वस्तु की चेकिंग की गई। इसी क्रम में डीएसपी नेहा पवार के नेतृत्व में सिटी कोतवाली प्रभारी राजेश मरई ने पुलिस बल के साथ सदर मार्ग की पैदल पेट्रोलिंग की। इस दौरान संवेदनशील मार्गों व भीड़भाड़ वाले सभी स्थानों का गश्त किया गया। भीड़भाड़ वाली जगहों पर सिविल ड्रेस में पुलिस बल तैनात किया गया है। पुलिस बल द्वारा संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों पर नजर रख रही है। जिले के सभी थाना क्षेत्र में की गई पेट्रोलिंग व चेकिंग में धमतरी, नगरी व कुरूद के एसडीओपी, थाना प्रभारी सहित पुलिस अधिकारी व कर्मचारी शामिल रहे।





# ट्रक चालक पर की गई कार्रवाई

- ट्रक चालक की लापरवाही से आरक्षकों से भरी बस हुई थी दुर्घटनाग्रस्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

प्रशिक्षण के बाद पुलिस आरक्षकों को लेकर सुकमा जा रही बस सामने जा रही ट्रक से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई थी। इस घटना में आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

उल्लेखनीय है कि सुकमा के महिला व पुरूष आरक्षक बीते दिनों प्रशिक्षण पर माना कैम्प गए थे। प्रशिक्षण पूरा होने पर पुलिस विभाग की अधिग्रहित दीप ट्रेव्हल्स की बस 20 महिला व पुरूष आरक्षकों को लेकर बुधवार को सुकमा जा रही थी। इसी दौरान नेशनल हाईवे में ग्राम संबलपुर के पास पुलिस आरक्षकों से भरी बस सामने जा रही ट्रक के पीछे टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई थी। इस घटना में बस में सवार लगभग 14 आरक्षक घायल हुए थे। इस घटना में बस चालक को भी चोट लगी थी। घटना के संबंध में घायल बस चालक बुधरा वंजामी पिता पोदिया वंजामी उम्र 39 वर्ष ग्राम रानीबहाल थाना छिंदगढ़ जिला सुकमा निवासी ने अर्जुनी थाना में ट्रक चालक के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत में कहा है कि वह बस क्रमांक सीजी 08 एम 0565 का चालक है। बस का मालिक दीपक चौरसिया तोंगपाल निवासी है। यह बस पुलिस विभाग के अधिग्रहण में है। 16 अक्टूबर को प्रशिक्षण केन्द्र माना-रायपुर पुलिस आरक्षकों को बिठाकर सुकमा जाने के लिए निकला था। संबलपुर से गुजरते समय सामने ट्रक क्रमांक एपी 31 टीएच 7695 जा रहा था। ट्रक चालक ने बिना कोई संकेत दिए बीच रोड में अचानक गाड़ी रोक दी, जिसके कारण ट्रक के पीछे बस टकरा गई। इस घटना में उसके घुटने व कंडक्टर सहित सवार आरक्षकों को चोट लगी थी। शिकायत पर अर्जुनी पुलिस आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ धारा 125-ए, 281 के तहत अपराध दर्ज कर कार्रवाई कर रही है।



## एसआई से निरीक्षक पद पर दी पदोन्नति



हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

जिला पुलिस विभाग में पदस्थ एसआई चंद्रकांत साहू बिरेझर चौकी प्रभारी को पुलिस मुख्यालय के आदेशानुसार एसपी आंजनेय वार्ष्णेय व एएसपी मणिशंकर चंद्रा द्वारा एक और स्टार लगाकर निरीक्षक के पद पर पदोन्नत किया गया। पुलिस अधीक्षक ने उक्त अधिकारी का मुंह मीठा कराकर पदोन्नति के लिए शुभकामनाएं दी। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सहित मौजूद पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारियों ने हर्ष व्यक्त किया।

# लिपिकों के वेतन में विसंगति, रोष

- छग लिपिक वर्ग कर्मचारी संघ ने मुख्य सचिव के नाम कलेक्टर को सौंपा आवेदन

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

छत्तीसगढ़ लिपिक वर्गीय शासकीय कर्मचारी संघ ने मुख्य सचिव के नाम सात सूत्रीय मांगों का ज्ञापन कलेक्टर को सौंपा है। संघ ने ज्ञापन में कहा है कि छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण से लिपिक संवर्ग के वेतनमान में निरंतर क्षरण को दूर करने लगातार संघर्ष किया जा रहा है। वर्तमान में राज्य सरकार द्वारा लगभग सभी वर्ग के अधिकारियों, कर्मचारियों की वेतन विसंगति का मामला निराकृत किया जा रहा है। लिपिक वर्ग के वेतनमान का निराकरण करने उच्चस्तरीय समिति गठित की गई है। गठित समिति की अनुशंसा के पश्चात भी लिपिकों के वेतनमान में उन्नयन नहीं किया गया। शिक्षकों एवं लिपिकों के वेतनमान का तुलनात्मक अध्ययन किया जाए तो 35 वर्षों से वेतन विसंगति है। संघ के जिलाध्यक्ष रजन शिंदे सहित लिपिकों ने शुक्रवार को कलेक्टर को मुख्य सचिव के नाम विभागीय सेटअप पुनरीक्षण, विभागीय परीक्षा प्रारंभ, लिपिकों का कार्य एवं दायित्वों का निर्धारण सहित सात सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा।



# दाना तूफान का कोई खास प्रभाव नहीं रहा

- उत्तर छत्तीसगढ़ के एक दो स्थानों में हल्की वर्षा होने की संभावना

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

बंगाल की खाड़ी में उठे दाना तूफान का जिले में विशेष प्रभाव पड़ने की संभावना नहीं है। आगामी दो दिनों में उत्तरी छत्तीसगढ़ के जिलों के एक दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने तथा शेष जिलों में मौसम के शुष्क रहने की संभावना है। मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार उत्तरी उड़ीसा पर स्पष्ट रूप से चिन्हित निम्न दबाव का क्षेत्र बना हुआ है। यह 12 घंटे के दौरान कमजोर होकर महत्वहीन होने की स्थिति में है। रविवार के लिए मौसम विभाग ने कोई चेतावनी जारी नहीं की है। विभागीय दृष्टिकोण में अगले दो दिनों बाद प्रदेश के एक दो स्थानों पर हल्की एवं मध्यम वर्षा होने की संभावना है।



#### किसानों ने ली राहत की सांस

दाना तूफान के खबर से चिंतित किसानों ने राहत की सांस ली है। किसान सुदर्शन ठाकुर, दीनदयाल साहू, संतोष मीनपाल ने बताया कि धान फसल की कटाई जोरों पर है। तूफान आने की खबर से वे चिंतित थे। चक्रवाती तूफान का प्रभाव नहीं पड़ने की खबर से राहत मिली है।

### विधि विभाग के छात्रों ने भवन की मांग को लेकर प्राचार्य को ज्ञापन सौंपा

# दूर नहीं होंगी समस्याएं तो लॉ कॉलेज में जड़ देंगे ताला

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

विधि विभाग के लिए अलग से भवन की मांग को लेकर एक बार फिर छात्रों ने बीसीएस कॉलेज के प्राचार्य के नाम ज्ञापन सौंपा।

छात्रों ने बताया कि लम्बे वर्षों से विधि विभाग के लिए स्वतंत्र भवन की मांग की जा रही है। वर्तमान में जिस भवन में विधि की कक्षाएं संचालित हो रही हैं। वहां महाविद्यालय का पुस्तकालय है। इस भवन में इतनी भीषण गर्मी एवं वायु प्रदूषण है कि विद्यार्थी नियमित रूप कक्षा में उपस्थिति नहीं दे पा रहे हैं। कुछ विद्यार्थियों को चक्कर आने, उल्टी जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। भवन के शौचालय एवं पेयजल की टंकी की नियमित सफाई नहीं होती हैं, जिसके कारण विद्यार्थियों के स्वास्थ्य पर भी बुरा प्रभाव पड़ रहा है। विधि विभाग के पुस्तकालय में नई शिक्षा नीति के अनुसार पुस्तकें पर्याप्त नहीं हैं। विभाग में गर्ल्स कॉमन रूम नहीं होने के कारण छात्राओं को समस्याओं का सामना करना पड़ता है।

उन्होंने चेतावनी दी है कि 6 नवंबर तक समस्याओं का समाधान नहीं किया जाता है तो वे विधि विभाग में तालाबंदी कर आंदोलन करेंगे।




## पाठक सूचना

धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

मो. 9826114710, 9993322768 9098324969

## खबर संक्षेप

### हिंदू जागरण मंच के प्रतीक, पुरूषोत्तम जिला सहसंयोजक बने



**धमतरी।** हिंदू जागरण मंच के प्रांत संयोजक अवधेश दुबे एवं प्रांत संगठन मंत्री राजेश भार्गव ने जिला सहसंयोजक के रूप में प्रतीक सोनी एवं पुरूषोत्तम निषाद के नाम की घोषणा की है। प्रांत संयोजक ने इनसे जिले में संगठन को मजबूत करने की उम्मीद की है। जिला संयोजक के साथ दो सहसंयोजकों समेत जिला कार्यकारिणी की भी घोषणा की गई। प्रतीक सोनी ने कहा कि आज देश में महिला सुरक्षा, सीमा सुरक्षा के साथ आंतरिक सुरक्षा जैसे कई अहम मुद्दे हैं। इनके लिए संगठन को मजबूती से संघर्ष करना आवश्यक हो गया है। उन्होंने बताया कि जिला सहसंयोजक के रूप में मुझे जो ज़िम्मेदारी सौंपी गई है, उसका निष्ठापूर्वक निर्वहन करूंगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की है कि हिन्दू राष्ट्र की स्थापना और सनातन संस्कृति की रक्षा के लिए एकजुट होकर हमें कार्य करना है।

### तहसील कार्यालय का भूमिपूजन किया गया

**नगरी।** धमतरी जिला नगरी विकासखंड के तहसील भवन बेलर में भूमिपूजन कर तहसील भवन की नीव रखी गई। जिसमें मुख्य अतिथि दिनेश्वरी नेताम अध्यक्ष जपं नगरी, अध्यक्षता हुमित लिमजा उपाध्यक्ष जपं नगरी, अकबर कश्यप मंडल अध्यक्ष, सरपंच उमेंद्र दीवान, महामंत्री मनोहर मानिकपुरी, राकेश चौबे, अजजा मोर्चा जिलाध्यक्ष महेन्द्र नेताम, ग्राम पटेल अमरसिंह पटेल, ग्राम समिति अध्यक्ष लीलाबंर साहू, उपसरपंच पोखराज कश्यप, मंडल उपाध्यक्ष मोहन पूजारी, पूर्व जिपं सत्यवती नेताम सहित ग्रामीण एवं पीडब्ल्यूडी के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

### कोर्रा में स्वर्ण प्राशन कराया गया

**कोर्रा(भखारा)।** रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए कोर्रा के शासकीय आयुर्वेद औषधालय में बच्चों को स्वर्ण प्राशन कराया गया। आयुष विभाग द्वारा हर पुष्य नक्षत्र तिथि में शून्य से 16 वर्ष के बच्चों को स्वर्ण प्राशन कराया जाता है। यह औषधि बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने, श्वसन संबंधी एवं अन्य रोगों से रक्षा करने के साथ ही एकाग्रता और स्मरण शक्ति बढ़ाने में लाभकारी है। यह बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास में भी मदद करती है। गुरुवार को ग्राम कोर्रा के शासकीय आयुर्वेद औषधालय में 6 माह से 16 साल तक के बच्चो को निःशुल्क स्वर्ण प्राशन कराया गया। जिसमें 282 बच्चों को स्वास्थ्य लाभ मिला। इस दौरान सरपंच चोवा राम साहू, उपसरपंच आशीष कुमार साहू, पंच कोमल साहू, औषधालय प्रभारी ओमकार साहू, पवन कुमार साहू सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

### आदिवासियों के इतिहास धरोहर पर प्रकाश डाला

**धमतरी।** बीसीएस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. श्रीदेवी चौबे के निर्देशन व प्रभारी प्राचार्य डॉ. अनीता राजपुरिया एवं कार्यक्रम की संयोजक डॉ. हेमवती ठाकुर के मार्गदर्शन में जनजातीय समाज की गौरवशाली अतीत, ऐतिहासिक, सामाजिक एवं आध्यात्मिक योगदान विषय पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि जीआर राणा पूर्व अध्यक्ष अनुसूचित जनजाति आयोग छग शासन थे। अध्यक्षता नरेन्द्र रोहरा अध्यक्ष जनभागीदारी समिति पीजी कालेज ने की। मुख्य वक्ता विकास मरकाम अध्यक्ष भाजपा अजजा मोर्चा एवं विशिष्ट अतिथि जेएल ध्रुव अध्यक्ष सर्व आदिवासी समाज, महेश रावटे कार्यकारी अध्यक्ष सर्वआदिवासी समाज, डॉ.एआर ठाकुर, विजय साहू, सुभाष चंद्राकर, मन्नम राणा थे। मुख्य अतिथि श्री राणा ने आदिवासियों के इतिहास, धरोहर, स्वतंत्रता आंदोलन में उनके योगदान, संवैधानिक अधिकारों पर प्रकाश डाला। नरेन्द्र रोहरा ने आदिवासियों की दिनचर्या से व्यापारी वर्ग को भी शिक्षा लेने की बात कही।

## बाजार में रौनक : 22 कैरेट सोना 72650, चांदी 982 रूपये तोला

# दीपावली त्योहार से पहले सोना-चांदी का भाव गिरा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

आसमान छू रहे सोने-चांदी के भाव दीपावली त्योहार के पहले कुछ कम हुए हैं। सोने-चांदी में इन्वेस्ट के इच्छुक लोग पिछले एक सप्ताह से धड़ल्ले से खरीदी कर रहे हैं। उनका कहना है कि इन्वेस्टमेंट के लिए सोना-चांदी के धातु, आभूषण बेस्ट आयडिया है। जब चाहे खरीद लें, प्रॉफिट दिखे तो बेच दें। सराफा दुकान पहुंचे नारायण शर्मा, दिलीप वाकड़े का कहना है कि 2 माह पहले सोना-चांदी के रेट काफी बढ़े हुए थे। उस समय भी वे अपने घर में सुरक्षित रखे सोने चांदी की धातु को प्रॉफिट में बेचे हैं। प्रति तोला 2500-3000 रूपये की प्रॉफिट हुई थी। वर्तमान में 2 से 3 हजार रूपये कम हुए हैं इसलिए सोना-चांदी खरीदने सराफा दुकान आए हैं। उनका कहना है कि दीपावली के बाद शादी सीजन में रेट फिर बढ़ेंगे।

किरण ज्वेलर्स के संचालक ललित जैन बरड़या ने कहा कि शनिवार को 18 कैरेट सोना 60100, 20 कैरेट 60300, 22 कैरेट 72650 रूपये तथा 24 कैरेट प्रति 10 ग्राम सोना 81500 रूपये हैं जो पिछले 3 माह के दाम से कम हुए हैं। 3 माह पहले 22 कैरेट सोना 74 हजार से 75 हजार रूपये प्रति 10 ग्राम था। इसी प्रकार चांदी वर्तमान में 982 रूपये प्रति 10 ग्राम का भाव है। दिवाली के पहले इन धातुओं के रेट कछ कम हुए है इसलिए ग्राहकी तेज है। लोग स्वेच्छा से सोना-चांदी के बिस्किट, आभूषण खरीद रहे हैं।

### इन्वेस्ट करने का अच्छा मौका

आमंत्रण ज्वेलर्स के संचालक ज्ञानचंद लुनावत, छाजेड़ ज्वेलर्स के संचालक स्वरूपचंद जैन का कहना है कि सोने-चांदी जैसी धातुओं में इन्वेस्ट करने का सबसे अच्छा मौका है। वर्तमान में सोने चांदी के दाम 2500 से 3000 रूपये कम हुए हैं। दिवाली के बाद रेट बढ़ सकते हैं जो दिसम्बर जनवरी तक रेट बढ़ते क्रम में रहेंगे। अप्रैल-मई में रेट और ज्यादा हो सकते हैं। उनका कहना है कि रूस, यूक्रेन व इजराइल ईराक युद्ध के कारण कीमती धातुओं के रेट बढ़ते क्रम पर है।

### कस्टम ड्यूटी हटी

जानकारों का कहना है कि सोना जैसी कीमती धातुओं में कस्टम ड्यूटी घटी है इसलिए वर्तमान में सस्ता हो गया हैं। केन्द्र सरकार द्वारा सोने पर 3 प्रतिशत कस्टम ड्यूटी हटाई गई है अर्थात जो सोना बाहर के देशों में इंपोर्ट किया जाता है। उस पर 5 प्रतिशत कस्टम ड्यूटी लगती थी। उसे हटाकर सरकार ने जीएसटी के दायरे में लाई है जो सोने पर महज 3 प्रतिशत जीएसटी लागू होती है।

# एक सप्ताह के भीतर संग्रहण केंद्र में हो धान का भंडारण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पुरी(धमतरी)

■ सहकारी समितियों ने की शासन से मांग

शासन द्वारा प्रदेश की सहकारी समितियों में 14 नवंबर से धान खरीदी की घोषणा की गई है। परंतु विडंबना यह है कि गतवर्ष की धान खरीदी का कमीशन, बारदाना की राशि, ब्याज अनुदान की राशि अभी तक समितियों को प्राप्त नहीं हुई है, जिसके कारण धान खरीदी की तैयारी सहित कर्मचारियों को दीपावली के पूर्व वेतन मिलना दूभर हो गया है।

नरेंद्र साहू जिला कार्यवाहक अध्यक्ष ने बताया कि 72 घंटे में धान का उठाव प्रावधान था, उसे हटा दिया गया है। 31 मार्च तक धान परिवहन किया जाना है। इससे समिति प्रबंधक एवं प्रभारी में हड़कंप मच गया है, क्योंकि लंबे समय तक धान के पड़े रहने से सूखत आएगी, समितियों को आर्थिक क्षति होगी। इससे कर्मचारियों को समय पर वेतन नहीं मिलेगा। आगे कहा कि शासन द्वारा कम से कम एक सप्ताह के अंदर जिले के संग्रहण केंद्र भाटागांव, जवरगांव, चिटौद आदि में भंडारण किया जाए अथवा संपूर्ण धान सूखत समिति को प्रदान किया जाए। महासंघ ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखा है कि धान खरीदी में सूखत नहीं तो धान खरीदी का बहिष्कार किया जाएगा। इसमें अभी तक किसी प्रकार की सकारात्मक पहल नहीं की गई जिससे कर्मचारियों में आक्रोश व्याप्त है। लंबित तीन सूत्रीय मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन आंदोलन में चल जायेंगे, जिससे धान खरीदी, रबी फसल ऋण वितरण, राशन वितरण का कार्य प्रभावित होगा।

# एसडीएम ने रांकाडीह सरपंच को किया बर्खास्त




पद, सील का दुरूपयोग कर मधुबन मेला महोत्सव में वसूली का मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मगरलोड

मधुबन में श्री राम महायज्ञ आयोजन में बिना पंचायत प्रस्ताव के सील, पद का उपयोग कर वसूली का राशि की बंदरबांट करने पर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कुरूद डीडी मंडावी ने रांकाडीह सरपंच खेमलता अनिल साहू को पद से बर्खास्त कर दिया है। पूर्व सरपंच भोजराम साहू एवं ग्राम विकास समिति के सदस्यों ने इसकी शिकायत कलेक्टर, अनुविभागीय अधिकारी से शिकायत की थी है।

जनपद पंचायत मगरलोड पंचायत निरीक्षक दीपक भीमगंज, करारोपण अधिकारी वेदराम सिन्हा को जांच अधिकारी नियुक्त किया गया। सरपंच, पंचगण, सचिव का लिखित बयान दर्ज किया गया। जांच टीम ने पंजीयन कैश बुक, स्टाक पंजी, आय व्यय लेखा-जोखा का बारीकी से परीक्षण किया। इस दौरान पाया गयय कि मधुबन मेला महोत्सव में सरपंच प्रतिनिधि, पंचगण, पूर्व ग्राम विकास समिति के सदस्यों ने सरपंच की सील, पद का तथा पंचायत रसीद बुक का उपयोग कर मधुबन मेला महोत्सव में जमकर वसूली की थी। मधुबन मेला महोत्सव से प्राप्त आय व्यय की जानकारी ग्राम पंचायत के अभिलेख पंजी में उल्लेख नहीं है।

सरपंच खेमलता साहू ने लिखित बयान में कहा कि मधुबन मेला महोत्सव के आयोजन के लि 19.02.2020 को पंचायत प्रस्ताव किया गया।

इस दौरान सरपंच प्रतिनिधि अनिल साहू व पंचगण उपस्थित थे। तत्कालीन ग्राम विकास समिति मेला महोत्सव 14 फरवरी 2020, 21, 22, 23 की प्राप्त रजिस्टर में उल्लेख किया है। सन 2020 में कुल 222391 खर्च, 258663 व्यय व 36272 रूपये उधारी बताया गया। इसी प्रकार 2021 में 217291 खर्च, 255572 व्यय, उधारी 38221 उधारी, सन 2022 में 243145 वसूली व्यय 228794, खर्च 14351 रुपए बचत तथा 2023 में 361060 वसूली और 358420 खर्च तथा 4640 बचत बताया गया।

मामले में पाया गया कि मधुबन मेला महोत्सव वर्ष 2020-21, 22-23 का संचालन ग्राम विकास समिति पंचायत के जनप्रतिनिधि द्वारा किया गया। ग्राम पंचायत में मधुबन मेला संचालन में संबंधित किसी प्रकार का अभिलेख उपलब्ध नहीं पाया गया। मुख्य कार्यपालन अधिकारी के संयुक्त जांच प्रतिवेदन, सरपंच का जवाब दस्तावेज अवलोकन से स्पष्ट है कि मधुबन मेला संचालन से संबंधित किसी प्रकार का अभिलेख नहीं है। ग्राम पंचायत के प्रस्ताव बगैर रसीद बुक जारी किए बिना रसीद काटने हेतु अधिकृत किए बगैर पंचायत रसीद लेखा 02 ग्राम पंचायत का सील का उपयोग मधुबन मेला में किया गया। रसीदों के माध्यम से प्राप्त राशि आय व्यय का लेखा-जोखा ग्राम पंचायत के अभिलेख में कहीं नहीं है।

इससे स्पष्ट है कि ग्राम पंचायत रांकाडीह सरपंच खेमलता साहू द्वारा अपने पद का दुरुपयोग करते हुए अपने सरपंच प्रतिनिधि एवं पंचों द्वारा पंचायत रसीद लेखा 02 एवं रसीद में पंचायत का सील का दुरुपयोग किया गया है। पंचायत राज अधिनियम 1993 की धारा 40 (1) के अंतर्गत अपने कर्तव्यों के निर्वहन में अवचार का दोषी मानते हुए धारा 40(1) के तहत श्रीमती खेमलता अनिल साहू सरपंच को पद से पृथक किए जाने का आदेश अनुविभागीय अधिकारी राजस्व ने 23 अक्टूबर को पारित किया गया है।

# नील क्रांति के लिए मोदी सरकार दृढ़ संकल्पित : किरण सिंह

■ मछुआरों के लिए एफएफडीपी पर पंजीयन करने प्रचार पत्रक का हुआ विमोचन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

भाजपा प्रदेश कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में प्रधानमंत्री किसान समृद्धि सह योजना के तहत परंपरागत मछुआरों व मत्स्य कृषकों के लिए नेशनल फिशरीज डिजिटल प्लेटफॉर्म (एनएफडीपी) पर पंजीकरण हेतु प्रचार पत्रिका का विमोचन किया गया। अतिथि

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष किरण सिंह देव, भाजपा सदस्यता अभियान प्रभारी अनुराग सिंह देव , भाजपा अजा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. नवीन मार्कण्डेय, महेंद्र सिंह पंडित प्रदेश संयोजक भाजपा झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ, कृष्णा हिरवानी धीवर समाज सहकारिता प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष, सुशील जलक्षत्री भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष रायपुर ग्रामीण थे।

इस अवसर पर किरणसिंह देव ने कहा कि जबसे केंद्र में भाजपा की सरकार बनी है तब से मछुआरों के रोजगार व उनके जीविकोपार्जन के लिए कार्य कर रही है। अनेक योजनाओं के माध्यम से मछुआरा कृषकों को समृद्धि बनाने का कार्य जारी है। पहले पूरे देश में हरित क्रांति आई ,फिर श्वेत क्रांति के अब मोदी जी ने ठाना है कि पूरे देश में नील क्रांति लानी है। नील क्रांति को गति देने मोदी सरकार ने प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना चालू की है। श्री मार्कण्डेय ने कहा कि राज्य के मछुआरों के हितों को ध्यान में रखकर योजनाएं बनाई जा रही है। महेंद्र पंडित ने जल क्षेत्र पर अधिकार पूर्वक कार्य करते हुए सभी से पंजीयन करने की अपील की। कृष्णा हिरवानी ने बताया कि पंजीकरण का उद्देश्य मत्स्य पालन करने वाले कृषकों और समूहों का डेटा बनाकर भारतीय मत्स्य पालन को औपचारिक जानकारी देनी है। आभार प्रदर्शन सुशील जलक्षत्री ने किया। इस दौरान सतीश मानु जलक्षत्री, देव जलक्षत्री, नरेंद्र जलक्षत्री, महेंद्र जलक्षत्री,संतोष धीवर सहित भाजपा के पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# स्कूलों में उत्कृष्ट शैक्षिक कार्य के लिए शिक्षक हुए सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

विनोबा शिक्षक सहायक कार्यक्रम के तहत नगरी ब्लाक के शिक्षकों को कलेक्टर नम्रता गांधी ने अपने स्कूलों में बेहतर व उत्कृष्ट शैक्षिक कार्य के लिए सम्मानित किया।

पोस्ट आफ मंथ जिलास्तरीय सम्मान प्राथमिक शाला जोगीबिर्दो के शिक्षक पेकेश्वर साहू, ब्लॉक स्तरीय पोस्ट आफ मंथ हरिश्चंद्र कश्यप प्राथमिक शाला कूपपारा, खेमराज साहू प्राथमिक शाला भोथापारा, बेस्ट रचनात्मक कार्य के लिए संतोष बांधव प्राथमिक शाला टेंगना एवं बोलेगा बचपन में प्रखर कार्य हेतु राजकुमार शील प्राथमिक शाला दलदली को सम्मानित किया गया।

इस कार्यक्रम का उद्देश्य शैक्षिक गतिविधियों को विनोबा ऐप में साझा करना साथ ही एक दूसरे की कार्यशैली से शैक्षिक कार्यों को बेहतर बनाना है। इस एप से स्कूल से संबंधित विभिन्न कार्य जैसे मध्यान्ह भोजन, जाति प्रमाण पत्र व अन्य गतिविधियां आसानी से अपलोड की जाती है एवं जिले को इसकी जानकारी आसानी से मिल जाती है। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी टी जगदल्ले, बीईओ केआर साहू, एबीईओ माहेश्वरी ध्रुव, बीआरसी साहू संकुल समन्वयक, विनोबा सहायक कार्यक्रम के अधिकारी भूपेंद्र चंद्रा एवं हितेश ने हर्ष व्यक्त किया है।

# दस्तावेज लेखक एवं स्टाम्प वेंडरों की हड़ताल खत्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

छत्तीसगढ़ प्रदेश के लाइसेंस धारी दस्तावेज लेखक एवं स्टाम्प विक्रेता जनकल्याण संघ के अध्यक्ष मनीष गुप्ता ने बताया कि 21 अक्टूबर से अपनी विभिन्न समस्याओं एवं मांगों को लेकर हड़ताल पर थे। इससे शासन को करोड़ों रूपये की आर्थिक क्षति उठानी पड़ी। इस बीच शासन के प्रतिनिधि के रूप में विभागीय महानिरीक्षक पंजीयन एवं मुद्रांक द्वारा 24 अक्टूबर को प्रदेश प्रतिनिधियों को वार्तालाप के लिए बुलाया गया। प्रदेश अध्यक्ष मनीष गुप्ता एवं जगदीश साहू के साथ लगभग 65 सदस्यों का प्रतिनिधि मण्डल वार्तालाप के लिए पहुंचा। कुछ बातों पर सहमति बनी पर कुछ शर्तों पर सहमति नहीं बनने के कारण हड़ताल को 25 अक्टूबर को भी जारी रखा गया। पुनः महानिरीक्षक से सभी बिन्दुओं पर चर्चा की गई। इस दौरान पूरे प्रदेश में रजिस्ट्री एनजीडीआरएस से एवं सुगम एप में सामान्य फोटो अपलोड किया जाना, दस्तावेज लेखन की लिखाई दर-तीन स्कैल दर- में बढ़ोतरी, ई-स्टाम्प पर कमीशन 1 प्रतिशत के साथ ही मैनुवल स्टाम्प पर 20 का कमीशन, ई-स्टाम्प रिफंड ऑनलाइन, नये लाइसेंस में नियंत्रण, लाइसेंस के नवीनीकरण में संघ की अनुशंसा अनिवार्य, लाइसेंस का नवीनीकरण तीन वर्ष, छत्तीसगढ़ राज्य के रजिस्ट्री पंजीयन में एकरूपता, ई-स्टाम्प में सामान्य त्रुटि में 10 रूपये के अतिरिक्त स्टाम्प संलग्न करने के साथ ही रजिस्ट्री से संबंधित कार्यों में कभी दस्तावेज लेखक एवं स्टाम्प वेन्डरों को अलग नहीं किये जाने की शर्तों के साथ अनिश्चितकालीन हड़ताल समाप्त

### लिमतरा स्कूल में पोलियो जागरूकता अभियान

**धमतरी।** विश्व पोलियो दिवस पर नर्सिंग विद्यार्थियों ने जागरूकता रैली निकाली। विश्व पोलियो दिवस के अवसर पर फ्लोरेंस कॉलेज ऑफ़ नर्सिंग एवं रिलायंस इंस्टिट्यूट ऑफ़ नर्सिंग लिमतरा धमतरी के विद्यार्थियों ने ग्राम लिमतरा में बैनर, पोस्टर के माध्यम से जागरूकता रैली निकाली, विद्यार्थियों ने पोलियो रोग के कारणों एवं इससे बचाव के उपायों की जानकारी दी।

# साइबर अपराध की रोकथाम पर संगोष्ठी का आयोजन





हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

बीसीएस पीजी कालेज में विधि विभाग द्वारा शनिवार को साइबर अपराध की रोकथाम विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। विधि भाग तीन के छात्र पीयूष प्रभात ने साइबर अपराध के अर्थ, प्रकार, साइबर सेल, हेल्पलाइन नंबर की जानकारी दी। ज्योति सोनी ने साइबर क्राइम के प्रति सजग रहने का संदेश दिया। मीनू ने साइबर क्राइम को रोकने की कानूनों की जानकारी दी। धनेन्द्र ने वर्तमान समय में साइबर के दुरूपयोग के जरिए साइबर क्राइम की जानकारी दी। टिकेश्वरी ने साइबर क्राइम से बचने सजग रहने कहा। इसी तरह पल्लवी, सुमीत, हितेश, सरस्वती, ट्विंकल, प्रणेभ आदि ने साइबर क्राइम को रोकने संदेश दिया। इस मौके पर प्राचार्य डॉ. श्रीदेवी चौबे, विभागध्यक्ष दुर्गेश प्रसाद, डॉ. सपना ताम्रकर, पंकज जैन, कोमल प्रसाद, डॉ. प्रेमनाथ भारती, गायत्री लहरे ने साइबर अपराध को रोकने अपने विचार रखे।

सभी बीमारियों में तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी (छ.ग.) मो. 9993010732
वात रोग, सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, सायटिका, झुनझुनीवात,
कमर दर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग, लकवा रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना, दर्द होना
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, बच्चादानी में गांठ, मासिक रुकावट
बुखार, सर्दी-खांसी, स्वांस-दमा, केश रोग व दांत रोग का इलाज

चर्म रोग एवं एलर्जिक क्लीनिक
विशेषताएं-
स्थायी ईलाज
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स)
सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)


डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 2 एवं शाम 6 से 9 बजे तक (मंगलवार बंद)
डा.जयंत पवार हॉस्पिटल, बांके बिहारी मंदिर के पास, सदर बाजार, धमतरी
मो. 86027-50020

## यशवंतराव मेघावाले कालेज में रंगोली, पोस्टर निर्माण समेत विभिन्न कार्यक्रम

# रानी दुर्गावती के शौर्यपूर्ण जीवन पर प्रकाश डाला





हरिभूमि न्यूज ▶▶ मगरलोड

रानी दुर्गावती की 500वी जयंती पर जनजाति समाज का गौरवशाली अतीत के अन्तर्गत यशवंत राव मेघावाले शासकीय महाविद्यालय मगरलोड में 22 से 25 अक्टूबर तक विभिन्न कार्यक्रम हुए। महाविद्यालय में रंगोली, पोस्टर निर्माण, आदिवासी परिधान प्रतियोगिता, जनजाति आभूषण निर्माण प्रतियोगिता के साथ ही जनजातीय लोक गायन व लोकनृत्य का आयोजन किया गया। 25 अक्टूबर को जनजाति समाज का गौरवशाली अतीत ऐतिहासिक, सामाजिक व आध्यात्मिक विषय पर व्याख्यान कार्यक्रम व सम्मान समारोह एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया।

प्राचार्य डा. घनश्याम देवांगन ने रानी दुर्गावती के शौर्यपूर्ण जीवन पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बीआर नाग पूर्व विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी ने आदिवासी समाज के विकास एवं उनकी एकता पर प्रकाश डाला। विशिष्ट अतिथि शत्रुघ्न साहू ने भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में जनजातीय समाज के नायकों की भूमिका पर प्रकाश डाला। इस दौरान नरेश अग्रवाल, अध्यक्ष जनभागीदारी समिति, सदस्य मुरली सिन्हा, उर्वशी साहू भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष मगरलोड, भुनेश्वरी साहू, प्राध्यापक कौसलेश ध्रुव, डॉ. यशोदा साहू, निरूपा साहू, डॉ. विनोदकुमार, डॉ. सुशीला साहू, दीपक कश्यप, नेहा चन्द्राकर, योगेश कुमार, नीरज साहू समेत छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

online Booking:-www.tripuryatra.com


4 रात व 5 दिन Ex न्यू जलपाईगुड़ी
14 नवंबर से 18 नवंबर 2024, 19 जनवरी से 23 जनवरी 2025
10 फरवरी से 14 फरवरी 2025, 25 मार्च से 29 मार्च 2025
14 अप्रैल से 18 अप्रैल 2025
राशि:-स्टैंडर्ड पैकेज 8500 (+ 5% GST)
Jai Mata Di
Shree Tripur Tirth Yatra Samiti
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411